एक नजर में

राधेश्याम पाटीदार का निधन, अंत्येष्टि आज

सारंगपुर 01 जुलाई, सं.

पूर्व जनपद पंचायत अध्यक्ष घनश्याम पाटीदार के बड़े भाई राधेश्याम पाटीदार का निधन बुधवार को हो गया .जिससे समीपस्थ ग्राम ब्यावरा मांडू में शोक की लहर दौड़ गई . श्री पाटीदार की अंतिम यात्रा गुरुवार सुबह 9 बजे ग्राम ब्यावरा मांडू के मुक्ति धाम तक निकाली जायेगी .

पेंशनर्स संघ ने धरना देकर सौंपा ज्ञापन

राजगढ़ 01 जुलाई का. आल प्रगतिशील पेंशनर्स एसोसिएशन के सदस्यों ने सोमवार को कलेक्ट्रेट परिसर में अपनी लंबित मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन किया. उपस्थित पेंशनरों ने बताया कि शासन द्वारा जारी 6 जुलाई के आदेश अनुसार वेतन वृद्धि दिया जाना था लेकिन शासन के आदेश की अवहेलना कर कुछ लापरवाह अधिकारियों द्वारा वेतन वृद्धि नहीं दी गई है . जिससे समूचे संगठन सदस्यों में रोष व्यापत है उक्त अधिकारियों की शिकायत मुख्यमंत्री मोहन यादव से सीएम हेल्पलाइन 181 पर सामूहिक रूप से संगठन के सदस्यों द्वारा की जावेगी. अंत मे बड़ी संख्या में उपस्थित पेंशनरों ने ज्ञापन सौंपा .

द्युत क्रीड़ा में रहता है कलियुग का वास

कु रावर 01 जुलाई, सं. नगर के राज परिवार के द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा की शोभायात्रा श्री खेड़ापति हनुमान मंदिर से निकाली गई जो गिरते पानी से बड़ी श्रद्धा के साथ मुख्य मार्ग से होकर कथा स्थल पहुंची . कथा के प्रथम दिन में आचार्य संतोष तिवारी ने व्यास गादी से श्रोताओं को जीवन और समाज के गूढ़ संदेश दिए. उन्होंने राजा परीक्षित के राज्याभिषेक का उल्लेख करते हुए कलयुग के चार प्रमुख स्थलों का वर्णन किया. उन्होंने कहा कि कलयुग का वास जुआ-सट्टे, मद्यपान स्थलों, वेश्यालयों और गलत नीति से कमाए गए धन में रहता है . भारतवर्ष में प्राचीन काल से दो गद्दियां प्रमुख रही हैं एक व्यास गद्दी और दूसरी राजगद्दी, व्यास गद्दी पर वशिष्ठ जी जैसे ऋषि विराजमान रहे और राजगद्दी पर दशरथ जी जैसे आदर्श राजा किंतु वर्तमान समय में इन दोनों गद्दियों में विकृतियां आ गई हैं .

साईबर फ्रॉड : पांच के नोट का 17 लाख में सौदा

साढ़े 3 लाख की ठगी : ब्यावरा सिटी थाना पुलिस की बड़ी उपलब्धि, पीड़ित की जान बचाने वाले को सम्मान दिलाया

साईबर फ्रॉड के बाद पीड़ित सुसाइड करने पहुंचा, ग्रामीण ने सूझबूझ से बचाया

नवभारत न्यूज

ब्यावरा 01 जुलाई, का. साईबर फ्रॉड के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए पुलिस द्वारा सेफ क्लिक 2.0 अभियान चलाया गया है. अभियान के तहत साइबर फ्रॉड के गंभीर मामले में ब्यावरा सिटी पुलिस को बड़ी सफलता मिली है. करीब सवा 3 लाख की रकम सहित आरोपी को पुलिस ने हिरासत में लिया है.

पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी के निर्देशन में थाना ब्यावरा शहर पुलिस एवं साइबर टीम ने साइबर ठगी के एक महत्वपूर्ण प्रकरण का सफल खुलासा करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 3,24,000 नगद एवं घटना में प्रयुक्त दो मोबाइल फोन बरामद किए हैं.

जब फरियादी को यह एहसास हुआ कि उसके साथ साइबर ठगी हो चुकी है और उसकी पूरी जमा पूंजी चली गई है, तो वह मानसिक रूप से पूरी तरह टूट गया तथा आत्महत्या करने के उद्देश्य से घटनास्थल तक पहुंच गया. इसी दौरान ग्राम आलमपुर निवासी बलवंत सिंह सौंधिया ने समय रहते उसे समझाया, आत्महत्या जैसा कदम उठाने से रोका तथा उसे अपने साथ थाना ब्यावरा शहर लेकर पहुंचे, जहां फरियादी ने पूरी घटना पुलिस को बताई पुलिस ने तत्काल अपराध दर्ज कर विवेचना प्रारंभ की. फरियादी की शिकायत पर थाना ब्यावरा शहर में अपराध क्रमांक 451/2026 धारा 318(4) भारतीय न्याय संहिता के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर विशेष टीम गठित की गई.

टीम द्वारा तकनीकी विश्लेषण, बैंक खातों, मोबाइल नंबरों, डिजिटल ट्रांजेक्शन, स्थानीय सूचना तंत्र एवं मुखबिर सूचना के आधार पर आरोपी की पहचान कर उसे गिरफ्तार किया गया.

पूछताछ में आरोपी से महत्वपूर्ण डिजिटल साक्ष्य प्राप्त हुए तथा उसके कब्जे से नगद राशि एवं घटना में प्रयुक्त मोबाइल फोन जप्त किए गए. गिरफ्तार आरोपी जुबेर खान पिता सुभान खान, उम्र 28 वर्ष निवासी ग्राम मटोरे, थाना खैरथल, जिला खैरथल-तिजारा राजस्थान है. उसके पास से पुलिस ने 3 लाख 24 हजार नगद, वीवो और रियलमी कंपनी का मोबाईल जब्त किया है. बरामद मोबाइल फोनों का फॉरेंसिक परीक्षण कराया जा रहा है तथा साइबर ठगी से जुड़े अन्य आरोपियों एवं नेटवर्क की जांच जारी है.

5 के नोट का 17 लाख में सौदा, बात सुसाइड तक पहुंची

पुलिस ने प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी अनिल राजपूत पिता देवीसिंह राजपूत निवासी ग्राम आलमपुर, तहसील ब्यावरा, जिला राजगढ़ के पास 5 का एक विशेष नोट था, जिस पर ट्रैक्टर का चित्र बना हुआ था . आरोपी ने फेसबुक के माध्यम से संपर्क कर उक्त नोट के बदले 17 लाख दिलाने का लालच दिया . आरोपी ने स्वयं को विश्वसनीय बताकर फरियादी को अपने विश्वास में लिया तथा विभिन्न बहानों से उसके बैंक खातों एवं डिजिटल माध्यमों से अलग-अलग किश्तों में कुल 3 लाख 65 हजार अपने खातों में ट्रांसफर करा लिए .

बलवंत सिंह का एसपी ने किया सम्मान

बलवंत सिंह सौंधिया की मानवीय संवेदनशीलता एवं सराहनीय पहल के कारण एक व्यक्ति की जान बच सकी . उनके इस उत्कृष्ट कार्य के लिए पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी द्वारा शॉल, श्रीफल एवं प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया . साथ ही पुलिस टीम को भी प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया . आरोपी की गिरफ्तारी में पुलिस अधीक्षक खैरथल-तिजारा बृजेश उपाध्याय भापुसे एवं ब्यावरा सिटी थाना प्रभारी निरीक्षक शिवराज सिंह चौहान व टीम का योगदान रहा .

लिंक पर क्लिक किया और खातों से 38 हजार गायब

साईबर फ्रॉड के मामले लगातार बढ़ते जा रहे है . पुलिस और साईबर टीम आरोपियों को पकड़ती है, राशि वसूलती है, जागरूकता और सतर्कता अभियान भी चलाती है लेकिन बावजूद इसके एक छोटी से गलती भारी पड़ रही है . ताजा मामला ब्यावरा शहर से सामने आया है . यहां वाटसअप पर लिंक आने के बाद एक युवा व्यवसायी ने चेष्टावश उसे जैसे ही क्लिक करके ओपन करने की कोशिश की उनके खाते से तीन बार में 38 हजार रूपए की राशि गायब हो गई . खाते से पैसे कटने का मैसेज आने के बाद व्यवसायी ने तुरंत पुलिस और साईबर सेल को सूचना दी . मामले को 11 दिन पूरे हो चुके है . शिकायत सीएम हैल्पलाईन पर भी की गई है . जानकारी के अनुसार ब्यावरा शहर के शहीद कॉलोनी निवासी योगेश अग्रवाल पेशे से व्यावसायी है . 18 जून को उनके पास वाट्सअप पर एक लिंग आई . जिज्ञासावश उन्होंने उस लिंक को खोलने की चेष्टा की . इसके तुरंत बाद ही उनके खाते से पैसे गायब हो गए . मामले की शिकायत राजगढ़ साईबर सेल को की गई है . साथ ही सीएम हैल्पलाईन में भी मामला दर्ज किया गया है .

तीन बार में राशि गायब

योगेश अग्रवाल के बैंक के खाते से 18 जून को तीन बार में पैसे निकाले गए है . इनमें पहली बार में 8 हजार, दूसरी बार में 9 हजार 999 और तीसरी बार में 20 हजार की निकासी हुई . इस प्रकार 37999 रूपए साईबर फ्रॉड उनके साथ हुआ . पीड़ित ने मामले की शिकायत की है और पुलिस से जल्द राशि दिलवाने और आरोपियों को पकड़ने की मांग की है . वहीं व्यापारी वर्ग ने भी ऐसे मामलों से सचेत रहने की सभी साथियों से अपील की है .

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र संडावता को मिला नया चिकित्सक

संडावता 01 जुलाई, सं. लंबे समय से चिकित्सक की प्रतीक्षा कर रहे क्षेत्र के ग्रामीणों के लिए राहतभरी खबर है कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र संडावता में मंगलवार को नव नियुक्त डॉ. अंकित महोबे ने पदभार ग्रहण कर लिया. उनकी नियुक्ति से अब संडावता सहित आसपास के 20 से अधिक गांवों के लोगों को स्थानीय स्तर पर बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हो सकेंगी. पदभार ग्रहण करने के बाद डॉ. अंकित महोबे ने बताया कि उनका प्रयास रहेगा कि मरीजों को इलाज के लिए अन्य स्थानों पर न जाना पड़े.

उन्होंने कहा ग्रामीणों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना मेरी प्राथमिकता है. अस्पताल में आवश्यक स्टाफ एवं उपचार संबंधी संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए विभाग को पत्र लिखकर आवश्यक मांग भेजी जाएगी. क्षेत्रवासियों ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सक की पदस्थापना पर खुशी जताते हुए उम्मीद व्यक्त की कि अब उन्हें समय पर उपचार की सुविधा मिल सकेगी और छोटी-बड़ी बीमारियों के लिए दूरस्थ अस्पतालों का रुख नहीं करना पड़ेगा. इस अवसर पर डॉ. सौरभ गुप्ता सहित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का अन्य स्टाफ उपस्थित रहा.

बायपास के पास कार को ट्रक ने मारी टक्कर

ब्यावरा 01 जुलाई, का. शहर के बायपास स्थित सीएनजी पंप के पास सोमवार को तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से एक कार क्षतिग्रस्त हो गई. पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. फरियादी ने पुलिस को बताया कि वह ग्वालियर में एक स्कूल में ट्रांसपोर्ट इंचार्ज है और परिवार के साथ सीहोर स्थित कुबेरेश्वर महादेव के दर्शन कर अपनी कार से ग्वालियर लौट रहा था. ब्यावरा बायपास स्थित सीएनजी पंप पर गैस भराने के बाद उसने बच्चों को बैठाने के लिए कार रोकी. इसी दौरान सीएनजी पंप की ओर से तेज गति और लापरवाही से आ रहे ट्रक के चालक ने ओवरटेक करते हुए कार के ड्राइवर साइड में टक्कर मार दी.

काली पट्टी बांधकर प्राध्यापकों ने किया सांकेतिक विरोध प्रदर्शन

5 जुलाई तक चलेगा चरणबद्ध आंदोलन, प्रमोशन नहीं किया जाने का मामला

नवभारत न्यूज

सुठालिया 01 जुलाई,सं. शासकीय महाविद्यालयीन प्राध्यापक संघ के प्रांताध्यक्ष प्रो. आनंद शर्मा एवं संरक्षक प्रो. कैलाश त्यागी के मार्गदर्शन तथा संभागीय अध्यक्ष डॉ. मोहन निमोले के आह्वान पर प्रदेशभर में 1 जुलाई से 5 जुलाई तक चलाए जा रहे चरणबद्ध आंदोलन के अंतर्गत शासकीय महाविद्यालय सुठालिया में प्राचार्य डॉ. व्हीएस बैस सहित समस्त प्राध्यापकों ने बुधवार को काली पट्टी बांधकर अपने नियमित शैक्षणिक एवं प्रशासनिक कार्य संपादित किए. इसमें डॉ आनंद स्वरूप लहरिया ने कह कि सहायक प्राध्यापक पद पर नियुक्ति से पंद्रह वर्ष से अधिक सेवाकाल होने के बाद भी प्रमोशन नहीं किए जा रहे हैं, जबकि विश्वविद्यालय के नियमानुसार सहायक प्राध्यापकों का सह प्राध्यापक व प्राध्यापक पद पर प्रमोशन करना अनिवार्य है. इन्हीं सभी मुद्दों को लेकर काली पट्टी बांधकर सांकेतिक विरोध करते हुए शासकीय कार्य कर रहे हैं .प्राध्यापकों ने महाविद्यालय में अध्ययन-अध्यापन, परीक्षा संबंधी दायित्व, कार्यालयीन कार्य एवं अन्य प्रशासनिक गतिविधियां पूर्ववत संचालित रखते हुए सांकेतिक रूप से अपनी लंबित मांगों के समर्थन में विरोध दर्ज कराया. उन्होंने कहा कि शिक्षा विभाग में कार्यरत प्राध्यापकों, ग्रंथपालों एवं क्रीड़ा अधिकारियों की वर्षों से लंबित न्यायोचित मांगों के निराकरण के लिए यह शांतिपूर्ण एवं लोकतांत्रिक आंदोलन किया जा रहा है.

पानी भरते समय पैर फिसलने से तालाब में डूबी महिला, मौत

मेलखेड़ी में खेत पर दवा छिड़कने के दौरान हुआ हादसा

नवभारत न्यूज

जीरापुर 01 जुलाई, सं. समीपवर्ती ग्राम मेलखेड़ी निवासी 40 वर्षीय महिला कलांबाई सौंधिया की पैर फिसलने से तालाब में डूबने से मौत हो गई.

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम मेलखेड़ी निवासी लक्ष्मीनारायण सौंधिया की पत्नी कलांबाई अपने पुत्र के साथ खेत पर दवा छिड़कने का काम कर रही थीं. इसी दौरान मां-बेटा पानी की केन भरने के लिए खाल/तालाब पर गए.

बेटा पानी भरकर खेत की ओर लौट गया. जब कलांबाई पानी भर रही थीं, तभी उनका पैर फिसल गया और वे खाल में गिर गईं. बेटे ने जब पीछे मुड़कर देखा तो मां नजर नहीं आईं. वह तुरंत तालाब पर पहुंचा, लेकिन तब तक महिला की डूबने से मौत हो चुकी थी. परिजन उन्हें खाल से बाहर निकालकर सिविल अस्पताल लाए, जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया. पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है.

नाम परिवर्तन सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री का नाम त्रुटिवश उसके आधार कार्ड क्र 592639110664 व उसके क्षैक्षणिक दस्तावेज में भीनी शुक्ला (Bheeni Shukla) अंकित हो गया है मेरी पुत्र के शासकीय दसतावेज जन्म प्रमाण पत्र में मेरी पुत्र का नाम शरण्या शुक्ला (SHARANYA SHUKLA) अंकित हो गया है जो कि सही व वास्तविक है। अत: प्रकाशन उपरांत मेरी पुत्री का नाम शरण्या शुक्ला (SHARANYA SHUKLA) के नाम से जाना व पहचाना जावे।

आवेदक

कुलदीप शुक्ला आ. श्री नरेन्द्र कुमार शुक्ला आयु 51 वर्ष, निवासी म.नं.76 वार्ड क्र. 08 उदावतगंज डा.शिवजी का चौक नरसिंहगढ़ तह. नरसिंहगढ़ जिला राजगढ़, म.प्र. पिन 465669 मोबा. 9926885858